तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 12.0 डिग्री

# हरिभूमि - कांकेर भूमि

रायपुर, मंगलवार, 16 दिसंबर 2025

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा



14 सरोना से दूधावा तक सड़क जर्जर मरम्मत ...





14 जनपद पंचायत में आवारा कुत्तों के प्रबंधन पर किया ...




## खबर संक्षेप

### जनजातीय गौरव माह अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला आज

**दुर्गुकोंदल।** जनजातीय गौरव माह के अंतर्गत कंगलूकुम्हार शासकीय महाविद्यालय में आज 16 दिसंबर मंगलवार को जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक योगदान विषय पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जनजातीय समाज के समृद्ध इतिहास, संस्कृति एवं सामाजिक योगदान से विद्यार्थियों एवं समाज को अवगत कराना रहा।

### 12 लाख 28 हजार क्विंटल से अधिक धान की खरीदी

**कांकेर।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के तहत जिले के सभी 149 उपार्जन केंद्रों में धान की खरीदी समर्थन मूल्य पर की जा रही है। जिला खाद्य अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में अब तक कुल 12 लाख 28 हजार 856 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। इसमें 12 लाख 08 हजार 582 क्विंटल मोटा धान तथा 19 हजार 206 क्विंटल पतला और 01 हजार 67 क्विंटल सरना वैरायटी का धान सम्मिलित है। उन्होंने जिले के सभी किसानों से ऑनलाइन माध्यम से तथा उपार्जन केन्द्र में पहुंचकर टोकन प्राप्त करने की अपील की है। उल्लेखनीय है कि कांकेर जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए 149 उपार्जन केन्द्र बनाए गए हैं तथा धान खरीदी केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए खरीदी केन्द्र प्रभारी तथा पर्यवेक्षण व निगरानी के लिए नोडल अधिकारी की नियुक्ति की गई है।

### पेंशनर समाज के द्वारा 17 को मनाया जाएगा पेंशनर दिवस

**कांकेर।** पेंशनभोगी 17 दिसम्बर को कभी नहीं भूल सकते। पेंनशनर समाज के सचिव शिवसिंह भदौरिया ने बताया कि वर्ष 1982 में इसी दिन मुख्य नयायाधीश चन्द्रचूड़ की अध्यक्षता वाली संवैधानिक पीठ ने डी. एस नकारा द्वारा दायर प्रसिद्ध मामले में पेंशनभोगियों के पेंशन के मौलिक अधिकार को बरकरार रखते हुए ऐतिहासिक फैसला सुनाया था। फैसले में स्पष्ट रूप से कहा गया था कि पेंशन न कोई दान है और न हीं नियोक्ता की इच्छा पर निर्भर कोई अनुग्रह की बात है। बल्कि यह 172 के नियमों के अधीन एक निहित अधिकार है, जो वैधानिक प्रकृति के है। क्योंकि इन्हें संबिधान के अनुच्छेद 309 के परतुक और अनुच्छेद 348 के खण्ड 5 द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में अधिनियमित किया गया है। पेंशनर समाज के अध्यक्ष ओमप्रकाश भट्ट ने बताया कि इस वर्ष डी. एसनकारा की जन्म शताब्दी होने के कारण 17 दिसम्बर को पेंशन दिवस के रूप में मनाया जाएगा। ओमप्रकाश भट्ट ने अपील की है कि अधिक से अधिक पेंशनर उपस्थित होकर कार्यक्रम को गरिममयी बनाने में सहयोग प्रदान करें ।

**समाज : समाज की बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया निर्णय**

# अहीर कोसरिया यादव समाज का एकता पर बल, युवक-युवती परिचय सम्मेलन फरवरी में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



चारामा के यादव भवन में छत्तीसगढ़ अहीर कोसरिया यादव समाज कांकेर कि बैठक रखी गई थी। युवक युवती परिचय सम्मेलन, संगठन को सशक्त व समृद्ध बनाना और कई अहम मुद्दो पर चर्चा किया गया।

जिला महासचिव दयालु यादव ने बैठक के विषय को रखा। प्रमुख रूप से युवाओं व महिलाओं को समाज के प्रत्येक गतिविधि में शामिल करना व युवक-युवती परिचय सम्मेलन आयोजन करने जैसे विषयों पर चर्चा कि गई। संगठन को सशक्त व समृद्ध करने समाज में क्या कर सकते है, ऐसे विषयों के साथ चर्चा प्रारंभ कि गई। जिलाध्यक्ष गिरधर यादव ने कहा कि समाज मे आयोजनों से ही समाज में जागरूकता व एकता बढ़ती है समाज को मजबूती प्रदान करने के लिए समाज में युवाओं को बढ़-चढ़कर समाजिक गतिविधियों मे भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना होगा। प्रत्येक कार्यक्रम में बैठकों में महिलाओं कि पुरी भागीदारी हो। आने वाले युवक-युवती सम्मेलन में सभी का सहयोग हो। जिला कोषाध्यक्ष अशोक यादव ने कहा कि समाज में सभी का आर्थिक सहयोग अच्छा रहा है। हम सभी आने वाले कार्यक्रम को सफल बनाने मे अभी से लग जाए। फूलचंद यादव, मधु यादव, रमा यादव, दशरथ यादव ने कहा कि अहिर कोसरिया यादव समाज सभी को साथ लेकर चलते आ रहा है और आगे भी सभी कार्यक्रमों में सभी को साथ लेकर समाज को आगे बढ़ाऐंगे ।

सभी के विचारों व चर्चा के उपरांत तय किया गया कि आने वाले 11 फरवरी को जिला मुख्यालय कांकेर मे अहिर कोसरिया यादव समाज का युवक-युवती परिचय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। समाज के सभी परिक्षेत्र के अध्यक्ष सरंपच व समाज प्रमुखों से अव्हान किया गया कि परिचय सम्मेलन के लिए अपने अपने क्षेत्रों से सभी विवाह योग्य युवक-युवतियों का बायोडाटा जिला प्रतिनिधियों के पास जमा कर देवें व सभी कार्यक्रम को सफल बनाने अपना योगदान दे। बैठक में प्रमुख रूप से जिला सचिव योगेश यादव, सरंक्षक हिन्छा राम यादव, सचिव योगेश यादव, सुभान यादव, कौशल यादव, तिलक यादव, गौकरण यादव, कमलेश यादव, जितेन्द्र यादव, प्रकाश यादव, विक्रम यादव, राजू यादव, भूनेश्वर यादव, राजेश यादव, कैलाश यादव, संतोष यादव, देवेन्द्र यादव, मनीष यादव, देवलाल यादव, विष्णु यादव, बसंत यादव, राहुल यादव, मुरली यादव, दिलीप यादव, रोहित यादव, महेश यादव, अरूण यादव, रंजीत यादव, दीनेश यादव, सहदेव यादव, ओमप्रकाश यादव, नील कुमार यादव, बसन्ती यादव, सुनिता यादव, हरिश यादव, तेजवन यादव, किशोर यादव, दुश्यंत यादव, लिलाराम यादव, सरस्वती यादव, रीना यादव, फुलकुवंर यादव, दुर्गा यादव, जयश्री यादव, राजेश्वरी यादव, ललिता यादव, कुंती यादव, श्यामा यादव, आशा यादव, उमा शंकर यादव, निर्मल यादव, सूरज अहिर, तुलाराम यादव, शिवलाल यादव व बड़ी संख्या में समाजिक जन उपस्थित रहें।

# तुहर टोकन ऐप की समय-बाध्यता खत्म, किसानों में खुशी की लहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



तुहर टोकन ऐप में संशोधन होने से अब टोकन पाने के लिए रखी समय सीमा की बाध्यता को खत्म हो गई है। टोकन की समय-बाध्यता समाप्त किए जाने से किसानों में खुशी का माहौल है। किसानों की सुविधा को सर्वोपरि रखते हुए अब तुहर टोकन ऐप को 24 घंटे, सातों दिन के लिए खोल दिया गया है। इस फैसले से टोकन काटने में समय की बाध्यता पूरी तरह समाप्त हो गई है।

लंबे समय से किसान यह मांग कर रहे थे कि निर्धारित समय-सीमा के कारण उन्हें अपनी उपज बेचने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अब समय-बाध्यता खत्म होने से किसानों को बड़ी राहत मिली है। किसानों का कहना है मौसम, परिवहन, मजदूरों की उपलब्धता और पारिवारिक कारणों से कई बार किसान समय पर केंद्र तक नहीं पहुंच पाते थे। नई व्यवस्था से वे अपनी सुविधा के अनुसार उपज का विक्रय कर सकेंगे, जिससे अनावश्यक तनाव और आर्थिक नुकसान से बचा जा सकेगा। ग्रामीण क्षेत्रों में इस फैसले का स्वागत किया गया है। किसान संगठनों और सहकारी समितियों ने इसे व्यावहारिक और किसानहितैषी कदम बताया है। इससे खरीदी प्रक्रिया सुचारु होगी, भीड़ कम होगी और धान उपार्जन केंद्रों पर व्यवस्था बेहतर बनेगी।

**संशोधन किसानों लिए हितकारी**

समय-बाध्यता हटाने से पारदर्शिता बनी रहेगी और वास्तविक किसानों को लाभ मिलेगा। खरीदी केंद्रों पर रिकॉर्ड संधारण और भुगतान प्रक्रिया पहले की तरह जारी रहेगी, जिससे किसी प्रकार की अनियमितता की गुंजाइश नहीं रहेगी। कुलमिलाकर यह संशोधन किसानों के लिए राहतकारी साबित हो रहा है। किसान इसे सरकार की सकारात्मक पहल मानते हुए उम्मीद जता रहे हैं कि आगे भी ऐसी नीतिगत सुधारों से खेती-किसानी को मजबूती मिलेगी।

### टोकन नहीं कटने से धान नहीं बेच पा रहे किसान



**दुर्गुकोंदल।** क्षेत्र के वन अधिकार पट्टा धारक किसान इन दिनों गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं। धान खरीदी केंद्रों में तकनीकी कारणों से किसानों का टोकन नहीं कट पा रहा है, जिसके चलते वे अपनी उपज बेचने में असमर्थ हैं। किसानों का कहना है कि सभी आवश्यक दस्तावेज पूरे होने के बावजूद पोर्टल में नाम दर्ज नहीं होने से टोकन जारी नहीं किया जा रहा है। धान बिक्री में हो रही देरी से किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। कई किसानों की धान फसल घरों में रखी हुई है और समय बीतने के साथ उसकी गुणवत्ता भी प्रभावित होने की आशंका बढ़ रही है। किसानों में इस समस्या को लेकर नाराजगी देखी जा रही है। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि वन अधिकार पट्टा धारक किसानों के टोकन शीघ्र जारी किए जाएं, ताकि वे समय पर धान विक्रय कर सकें और उन्हें राहत मिल सके।

# प्रबंधक पर अनियमितताओं का आरोप हटाने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना



आदिम जाति सेवा सहकारी समिति कुरना के अंतर्गत संचालित धान खरीदी केंद्र चारभाटी में अनियमितताओं और मनमानी के विरोध में किसानों का आक्रोश सामने आया है। कुकरटोला में किसानों की एक बैठक आयोजित कर समिति के प्रबंधक गुलशन सिंन्हा के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए गए और उन्हें पद से हटाने की मांग को लेकर संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा गया। किसानों ने कहा कि लंबे समय से समिति के कार्यों में पारदर्शिता नहीं है, जिससे उन्हें लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों का आरोप है कि धान खरीदी केंद्र में धान खरीदी के समय और खाद्य बीज वितरण के दौरान नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है। समय पर धान की खरीदी नहीं होने और खाद्य बीज वितरण में देरी के कारण किसानों को कई-कई दिनों तक केंद्र के चक्कर काटने पड़ते हैं। इसके अलावा कई किसानों के दस्तावेजों का मिलान ▶▶| शेष पेज 12 पर

### सटेली में वन भूमि पर निर्माण कार्य जारी, ग्रामीणों में आक्रोश



**दुर्गुकोंदल।** एसडीएम द्वारा जारी पट्टा निरस्तीकरण के आदेश को दरकिनार करते हुए, विवादित वन भूमि पर निर्माण कार्य एक बार फिर से शुरू कर दिया है। जिससे गांव में पुनः विवाद की स्थिति निर्मित हो गई है। बताया जा रहा है कि संबंधित भूमि वन क्षेत्र के अंतर्गत आती है। ग्रामीणों की इस पर अवैध निर्माण शिकायत के बाद एसडीएम सावित्री भुआर्य ने ▶▶| शेष पेज 12 पर

# मां की मौत के बाद गुस्से में बेटे ने डंडे से की पिटाई, पिता गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- आरोपी सरवन सलाम के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया

अंतागढ़ थानांतर्गत एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसमें युवक ने मॉ का ख्याल नही रखते हो बोलते हुए अपने रिस्तेदार के साथ मारपीट किया। मारपीट से पीड़ित बुरी तरह घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। अंतागढ़ थाना में शिकायत करने पहुंचे जामपारा सोढ़े निवासी सजनबती आंचला पति सुकदेव आंचला ने पुलिस को बताया कि 10 दिसंबर कि रात पति सुकदेव आंचला ने मुझे फोन करके बताया कि तुम्हारी भाभी सुकियारी बाई सलाम का मौत हो गया है और गुस्से में आकर तुम्हारे बड़े भैय्या सुरजु राम सलाम को उसका लड़का सरवन सलाम द्वारा डंडा से मारपीट किया है। रात होने से अकेली नही जा पाई तो अगले दिन 11 दिसंबर को सुबह भैय्या सुरजु राम सलाम के घर गई, तब मेरे भैय्या सुरजु राम सलाम से पुछताछ करने पर बताया कि 10 दिसंबर को शाम करीबन साढ़े 6 बजें लाड़ी जामपारा सोढ़े में तुम्हारी भाभी का मौत हो जाने से मेरा ▶▶| शेष पेज 12 पर

### महुआ शराब जब्त, तीन कोचिया गिरफ्तार



**कांकेर।** कोरर पुलिस ने 14 दिसंबर को तील अलग अलग जगह छापामार कार्यवाही करते हुए तीन लोगो को पकड़ा। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार तुएगहन निवासी 42 वर्षीय श्रवण यादव हाथ भट्टी से बना हुआ महुआ शराब करीबन साढ़े चार लीटर को अपने कब्जें में रखा हुआ था व बेचने के लिए ग्राहक की तलाश में था। महुआ शराब और नगद 200 रूपएं को जप्त किया गया। आरोपी मरकाटोला ▶▶| शेष पेज 12 पर

**लंबित प्रकरणों का शीघ्रता से निराकरण करने के निर्देश दिए**

# कलेक्टर ने जिला बाल संरक्षण समिति व अनुषांगिक समितियों की त्रैमासिक बैठक के लिए दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



महिला एवं बाल विकास विभाग के अधीन गठित जिला बाल संरक्षण समिति एवं अन्य अनुषांगिक समितियों की कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने बैठक लेकर कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को परस्पर समन्वय स्थापित कर लंबित प्रकरणों को शीघ्र निराकृत करने के निर्देश दिए और साथ ही विभिन्न अधोसंरचना निर्माण एवं सुविधाओं में विस्तार के लिए आवश्यकतानुसार कार्यवाही करने की बात कही। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आहूत त्रैमासिक समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग के अलावा स्वास्थ्य, शिक्षा, समाज कल्याण, आदिवासी विकास, ग्रामीण विकास एवं अन्य संबंधित विभाग शासन द्वारा सौंपे गए दायित्वों का बेहतर ढंग से क्रियान्वयन करें, साथ ही लंबित प्रकरणों का जल्द से जल्द निराकरण करें। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विपिन जैन ने एजेण्डावार विषयों का वाचन करते हुए 19 सितम्बर 2025 को आयोजित बैठक में लिए गए निर्णय तथा पालन प्रतिवेदन की जानकारी दी। उन्होंने किशोर न्याय बोर्ड में लंबित प्रकरण, बालक कल्याण समिति में पाक्सो अधिनियम के तहत प्रकरण के विरूद्ध की गई कार्यवाही की जानकारी दी। इसके अलावा राज्य शासन के निर्देशानुसार बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के तहत अंतरविभागीय समन्वय से की जा रही कार्यवाही की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले में प्राप्त लक्ष्य से अधिक 297 ग्राम पंचायतों व 05 नगरीय निकायों को बाल विवाह मुक्त घोषित किए जाने का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है। बैठक में बाल संरक्षण की आवश्यकता वाले बालकों का चिन्हांकन, मिशन वात्सल्य योजना के तहत जिले में स्वीकृत नवीन बालगृह बालक एवं बाल सम्प्रेक्षण गृह के संचालन, विशेषीकृत दत्तक ग्रहण एजेंसी, बाल गृह बालिका सिंगारभाट में सुविधाओं का विस्तार करने, सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार अनाथ एवं परित्यक्त बच्चों के लिए शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत स्कूलों में प्रवेश देने के संबंध में अब तक की गई कार्यवाही के बारे में कलेक्टर ▶▶| शेष पेज 12 पर


हरिभूमि




सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 812. कु. रुचिका शर्मा पिता\पति निरिश कुमार शर्मा पता- मेकाहारा रायपुर, 813. दीपक बावने पिता\पति श्याम बावने पता- प्रोफेसर कॉलोनी रायपुर, 814. पल्लवी सिन्हा पिता\पति योगेश सिन्हा पता- कुशालपुर रायपुर, 815. कौशल्या तिवारी पिता\पति स्व.श्री रामेश्वर प्रसाद तिवारी पता- आमापारा रायपुर, 816. सरिता पाल पिता\पति बिरबल पाल पता- संतोषी नगर रायपुर, 817. आरव रात्रे पिता\पति रामेश्वर रात्रे पता- सड्डू रायपुर, 818. ब्यास नारायण वर्मा पिता\पति स्व.राम लाल वर्मा पता- चंगोरा भाटा रायपुर, 819. अराफत खान पिता\पति अफसर खान पता- देवी सरस्वती नर्सिंग होम बीएसयूपी सड्डू कॉलोनी, 820. अनामिका देवांगन पिता\पति पोषण कुमार देवांगन पता- संतोषी नगर प्रगति विहार कॉलोनी टिकरापारा, 821. राजेश कुमार यादव पिता\पति स्व. श्याम कुमार यादव पता- मठपारा गणेश चौक रायपुर, 822. मनोरमा तारक पिता\पति ग्वाल तारक पता- तर्रा सुरसाबांधा, 823. परमेश्वर साहू पिता\पति गया राम साहू पता- रांकाडीह, 824. संगीता नागदेव पिता\पति प्रीतम दास पता- नयापारा वार्ड न.32 बजरंग चौक धमतरी, 825. रमेश कुमार दासरवार पिता\पति शंकर स्वामी दासरवार पता- श्री नगर राधा स्वामी सत्संग रुद्री, 826. कांति साहू पिता\पति मान दास साहू पता- लक्ष्मी नगर, 827. अशोक राजपूत पिता\पति ताराचंद राजपूत पता- डोंगरगांव, 828. दिग्विजय कुमार नेताम पिता\पति शिव लाल नेताम पता- ग्राम काफामार पोस्ट गेंदाटोला तह. छुरिया, 829. वर्षाजली श्रीवास्तव पिता\पति देवेन्द्र श्रीवास्तव पता- जगदलपुर, 830. चन्द्रप्रभा कनौजे पिता\पति सीता राम कनौजे पता- महासमुंद, 831. विजय कुमार देवांगन पिता\पति खोरबाहरा देवांगन पता- सिचाई कॉलोनी कवर्धा, 832. लक्ष्मी चन्द्र पिता\पति स्व.छत्रपाल चंद्रा पता-LIG-11 H.B कॉलोनी जोराताल, 833. विनोद कुमार वर्मा पिता\पति केदार नाथ वर्मा पता- प्रगति विहार पंचशील नगर बलौदाबाजार, 834. वंशिका साहू पिता\पति डिशेन कुमार साहू पता- ग्राम भैसा जिला रायपुर, 835. सुषमा साहू पिता\पति विनोद कुमार साहू पता- रिसदा, 836. शैलेन्द्र यादव पिता\पति भोला राम यादव पता- एस.पी.अस्पताल वार्ड कोंडागांव, 837. युवराज कुमार देवांगन पिता\पति हृदय लाल देवांगन पता- प्लाट न.- 65 श्याम नगर अटल आवास के पास भिलाई, 838. मेधांश पिता\पति अनिल गंगभोज पता- वार्ड न.-01 बनगांव पंचायत समिति, 839. दामिनी साहू पिता\पति नरेन्द्र कुमार साहू पता- CONTRACTORE कॉलोनी सुपेला भिलाई, 840. अश्वनी एवस जोगे पिता\पति श्याम राव जोगे पता- 608 वार्ड 6 सिधिया नगर दुर्ग, 841. रेणुका देवांगन पिता\पति दुलेश देवांगन पता- निकुम भिलाई दुर्ग, 842. सुषमा कुर्वे पिता\पति रमेश कुर्वे पता- S.I.F कॉलोनी L.I.G 35 बघेरा दुर्ग, 843. नारायण प्रसाद देशमुख पिता\पति एमन कुमार देशमुख पता- बमलेश्वरी कॉलोनी बोरसी, 844. शकुन पाण्डेय पिता\पति अश्वनी पाण्डेय पता- गणेश नगर रावण भाठा जामुल भिलाई, 845. श्रवण कुमार अन्सारे पिता\पति चंद्रभान पता- 77 रामनगर सुपेला भिलाई, 846. शुभांगी देवांगन पिता\पति सतीश देवांगन पता- सड़क न.- 01 कसारीडीह दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण-** 847. तुरवी चौहान पिता/पति धनेश्वर लाल चौहान पता- कोरबा, 848. भव्या साहू पिता/पति बुधेशवर साहू पता- रायपुरा जंजगीर बालको, 849. उमेश तंबोली पिता/पति इंद्रा मार्केट पोड़िमार बालको, 850. काव्या कंवर पिता/पति सुशील कुमार पता- बालको, 851. लेविना साहू पिता/पति युगल किशोर साहू पता- धरदाई, 852. कल्पना गयाकवारड़ पिता/पति अमृत मोंडे पता- कोरबा, 853. पुष्पा यादव पिता/पति डोरी लाल यादव पता- मदरपारा, 854. कृतार्थ यादव पिता/पति दिलीप यादव पता- कोरबा, 855. चाहत दास पिता/पति निर्मल दास पता- बालको नगर, 856. ज्योति बरेठ पिता/पति यादव मोहला करिती पता- बालको, 857. आध्या श्रीवास पिता/पति नागेंद्र श्रीवास पता- निहारिका एल.ई.जी.-142, 858. विकास साहू पिता/पति फिरत राम साहू पता- संजय नगर गुप्ता गली कोरबा, 859. वीरेंद्र कुमार कुर्रे पिता/पति श्याम लाल कुर्रे पता- धमना मुड़ी, 860. गौतम पांडे पिता/पति चंद्रशेखर पांडे पता- दरदारखुर्द कोरबा, 861. राजेन्द्र कुमार सूर्यवंशी पिता/पति गुहारम सूर्यवंशी पता- परसाभाठा बालको, 862. योगेश बारीक पिता/पति भिखारी चरण बारीख पता- शारदा विहार कोरबा, 863. किशन कुमार गायकवाड पिता/पति देवगिरी गायकवाड पता- केदु विहार कोरबा, 864. दीक्षांत सिंह भारद्वाज पिता/पति रवींद्र कुमार भारद्वाज पता- होउसिंग बोर्ड बालको, 865. अंशु तिर्की पिता/पति भजन राम तिर्की पता- वार्ड- 40 नेहरू नगर बालको, 866. केशव प्रसाद यादव पिता/पति नन्द लाल यादव पता- गेवरा घाट कोरबा, 867. सोनम जैसवाल पिता/पति मनोज जैसवाल पता- नेहरू नगर बालको, 868. भगवान सिंह पिता/पति रामनरेश सिंह पता- रिंग रोड बालको, 869. मनोज कुमार श्रीवास पिता/पति जगदीश प्रसाद पता- लक्ष्मण बन तालाब नई बस्ती, **भोपाल संस्करण-** 870. मान्या प्रजापति पिता\पति रंजीत प्रजापति पता- जगदीशपुर इस्लामनगर, 871. कनक मीणा पिता\पति राजेन्द्र सिंह मीणा पता- 45 जय नगर कॉलोनी, 872. युवांश बैरागी पता- राम मंदिर के पास करोद भोपाल, 873. रवि साहु पिता\पति मदनलाल साहु पता- मकान नं 53 कपिला नगर करोद, 874. वेदांश यादव पिता\पति सुरेन्द्र सिंह यादव पता- मकान नं.116 फेस-2 पारस नगर करोद, 875. राम सिंह राजपूत पिता\पति- रामसिंह राजपूतबने सिंह राजपूत पता- नजीराबाद भोपाल, 876. पूजा पिता\पति सत्यदेव द्विवेदी पता- करोद भोपाल, 877. मानशी पिता\पति शंकादीन बढ़ई पता- एच.न 121 जनता नगर फेस-3 करोद, 878. दक्ष विश्वकर्मा पिता\पति प्रदीप कुमार विश्वकर्मा पता- शंकर नगर विदिशा, **जबलपुर संस्करण-** 879. अर्चिता पांडेय पिता\पति भानु कुमार पांडे पता- वार्ड नंबर 4 निगवानी रोड कोतमा, 880. महिमा शर्मा पिता\पति मुकेश शर्मा पता- मेंन रोड कोतमा, 881. हर्ष कुमार नामदेव पिता\पति अखिलेश नामदेव पता- विकास नगर वार्ड नंबर 10 कोतमा, 882. अनुराग चौबे पिता\पति राजकुमार चौबे पता- मझौली वार्ड नंबर 16 पंडित मोहल्ला कोतमा, 883. प्राजली चौबे पिता\पति राजकुमार चौबे पता- मेंन रोड कोतमा, 884. अक्षय गौतम पिता\पति जितेंद्र कुमार गौतम पता- विकास नगर वार्ड क्रमांक 9 कोतमा, 885. अनुमति नायक पिता\पति वीरेंद्र नायक पता- पाटन, 886. रिद्धि तिवारी पिता\पति मनीष तिवारी पता- शिवनगर वार्ड नंबर 90 गढ़ा जबलपुर, 887. अरुण कुमार दुबे पिता\पति स्व बैजनाथ पता- दुबे 362 दुर्गा कॉलोनी घमापुर, 888. अर्पित जैन पिता\पति ऋषभ कुमार जैन पता- जगमोहन दास वार्ड कटनी।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

# समूह की दीदियों को आत्मनिर्भर बनाने सुनियोजित कार्ययोजना पर अमल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के अंतर्गत जिले की स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी दीदियों को लखपति दीदी बनाने के लक्ष्य के साथ व्यापक कार्ययोजना तैयार कर उसका क्रियान्वयन किया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के निर्देशों के अनुरूप जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई के मार्गदर्शन में यह अभियान जिलेभर में संचालित हो रहा है। दीदियों की आय में सतत वृद्धि के लिए जिले की भौगोलिक परिस्थितियों के अनुरूप कृषि, वनोपज आधारित गतिविधियों के साथ–साथ नॉन–फार्म सेक्टर में भी आजीविका के नए अवसर विकसित किए जा रहे हैं। इसके लिए उत्पादक समूहों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं कैडर का चयन कर उन्हें विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। जिले में अब तक 185 उत्पादक समूहों का गठन किया गया है। प्रत्येक समूह में 30 से 35 परिवार शामिल, सामूहिक संग्रहण, क्रय–विक्रय से बेहतर लाभ का लक्ष्य, अध्यक्ष एवं सचिवों को प्रशिक्षण प्रदान, एफपीओ के माध्यम से आय बढ़ाने की पहल उत्पादक समूहों की आय बढ़ाने के लिए दो फार्मर प्रोड्यूसर कंपनियों का गठन किया गया है उड़ान महिला कृषक प्रोड्यूसर कंपनी, कोंडागांव, माकड़ी एवं फरसगांव विकासखंड मांझीनगढ़ फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी कवं बड़ेराजपुर विकासखंड इन कंपनियों के माध्यम से दीदियों को उचित मूल्य, प्रशिक्षण एवं बाजार से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है।

## लखपति दीदी अभियान को गति, फार्म और नॉन-फार्म गतिविधियों को बढ़ावा

### विभागीय समन्वय से मिलेगा योजनाओं का लाभ

जिला पंचायत सीईओ की अध्यक्षता में सभी विकासखंडों में कन्वर्जेंस बैठकें आयोजित की गईं। विभिन्न विभागों की योजनाओं का समन्वय, दीदियों को संसाधन एवं सुविधाएं सुनिश्चित, बिहान टीम अभियान मोड में जिला मिशन प्रबंधक विनय सिंह के नेतृत्व में सभी विभागों के साथ समन्वय कर अभियान को आगे बढ़ाया जा रहा है। वहीं, जिला कार्यक्रम प्रबंधक दुर्योधन मेंघ द्वारा आरएफ, सीआईएफ एवं बैंक लिंकेज के माध्यम से वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।



### संकुल स्तरीय संगठनों को बनाया जा रहा आजीविका सेवा केंद्र

दीदियों को एक ही स्थान पर सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 20 संकुल स्तरीय संगठनों को आजीविका सेवा केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। प्रत्येक विकासखंड में 4–4 केंद्र, समूहों के उत्पादों का संग्रहण व विपणन कृषि, पशुपालन एवं नॉन–फार्म सेवाएं एक ही छत के नीचे, बीज लाइसेंस से मिली नई पहचान कोंडागांव विकासखंड के चिपांवड संकुल संगठन सूर्या उदय महिला संकुल संगठन को कृषि विभाग द्वारा बीज लाइसेंस प्रदान किया गया है। अन्य संकुल संगठनों को भी शीघ्र लाइसेंस दिलाने की प्रक्रिया जारी है।

---

## खबर संक्षेप



### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर

**फरसगांव।** नेशनल हाईवे 30 बड़े मोड़ के पास रविवार की रात करीब 10 बजे बाइक सवार बोरगांव निवासी युवक देवाशीष देवरी पिता स्व संजीव देवरी को अज्ञात वाहन ने जबरदस्त टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार देवाशीष गंभीर रूप से घायल हो गया। वही उसकी बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। राहगीरों की मदद से घायल देवाशीष को तत्काल उपचार हेतु फरसगांव अस्पताल लाया गया। उसकी गंभीर स्थिति होने के चलते उसे प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर उपचार हेतु रायपुर अस्पताल रिफर किया गया है। जानकारी के अनुसार देवाशीष देवरी फरसगांव नगर में चिकन कटिंग दुकान का संचालक है। जो हर दिन की तरह रात को अपने घर जा रहा था तभी यह हादसा हो गया।

### ग्राम पंचायतों को 4 करोड़ मूलभूत अनुदान राशि जारी

**जगदलपुर।** जिला पंचायत बस्तर के अंतर्गत समस्त ग्राम पंचायतों को शासन द्वारा प्रदत्त मूलभूत अनुदान की राशि 4 करोड़ 18 लाख 48 हजार रुपए का भुगतान नियमानुसार कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त 15 वें वित्त आयोग की राशि पर अर्जित ब्याज की संपूर्ण राशि भी संबंधित ग्राम पंचायतों को हस्तांतरित कर दिया गया है। इस बारे में सीईओ जिला पंचायत प्रतीक जैन ने बताया कि जिले के ग्राम पंचायतों के विकास कार्यों के सुचारू संचालन हेतु समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित किया जा रहा है ताकि ग्राम स्तर पर मूलभूत सुविधाओं एंव विकास योजनाओं का कियान्वयन निर्बाध रूप से हो सके।

### गुरु घासीदास जयंती पर 18 दिसंबर को रहेगा शुष्क दिवस

**कोण्डागांव।** कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना द्वारा छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 एवं उसके अंतर्गत लागू नियमों के अनुसार 18 दिसम्बर 2025 को गुरू घासीदास जयंती के अवसर पर जिले में शुष्क दिवस घोषित किया गया है। शुष्क दिवस के अंतर्गत जिले में संचालित देशी मदिरा दुकान सीएस–2 (घघ) विदेशी मदिरा दुकान एफएल–1 (घघ) देशी मदिरा अहाता सीएस–2 (ग–अहाता) कोंडागांव/केशकाल एफएल–7 सैनिक केन्टीन 18 दिसंबर 2025 को पूर्णतः बंद रहेंगी। प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि शुष्क दिवस के दौरान अवैध शराब बिक्री धारण एवं परिवहन जैसी गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी तथा उल्लंघन पाए जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि गुरू घासीदास जयंती के अवसर पर सामाजिक मर्यादा एवं कानून का पालन करें तथा शुष्क दिवस के नियमों का पूर्णतः पालन सुनिश्चित करें।

### जिपं में सामान्य सभा की बैठक 22 को

**कोण्डागांव।** जिला पंचायत कोण्डागांव के सामान्य सभा की बैठक 22 दिसंबर को सुबह 11 बजे से जिला पंचायत के सभा कक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में सभी सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक जानकारी के साथ उपस्थित होने को कहा गया है।

---

## मोबाइल मेडिकल यूनिट से घर के पास नि:शुल्क इलाज और जांच की सुविधा

# सीएम शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना से 68 हजार मरीजों को मिला लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

■ 170 दवाइयां और 41 प्रकार की जांच नि:शुल्क

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व एवं उप मुख्यमंत्री अरुण साव के मार्गदर्शन में संचालित मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत शहरी स्लम क्षेत्रें में रहने वाले जरूरतमंद नागरिकों को बेहतर और निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना के निर्देशन में नगर पालिका परिषद कोंडागांव द्वारा योजना का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। योजना के अंतर्गत मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से अब तक लगभग 68 हजार मरीजों का उपचार किया गया है। इनमें से 62 हजार से अधिक मरीजों को निःशुल्क दवाइयां 24 हजार से अधिक लोगों की मुफ्त लैब जांच की सुविधा प्रदान की गई है। स्वास्थ्य शिविरों में नागरिकों को 170 प्रकार की आवश्यक दवाइयां 41 प्रकार की लैब जांच पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही हैं। शिविरों में डॉक्टर, नर्स, फार्मासिस्ट एवं प्रशिक्षित लैब टेक्नीशियन की सेवाएं दी जा रही हैं।





### शहर के हर वार्ड में नियमित स्वास्थ्य शिविर

*नगर पालिका परिषद कोंडागांव के विभिन्न वार्डों में नियमित रूप से स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल एवयक्ष जसकेतु उसेंडी द्वारा योजना की सतत समीक्षा की जा रही है। योजना के तहत सफाई मित्रों की प्रतिमाह स्वास्थ्य जांच स्कूलों में बच्चों का समय पर इलाज जरूरतमंद नागरिकों को टिटनेस टीकाकरण की सुविधा भी दी जा रही है, जिससे बीमारी की समय पर पहचान और उपचार संभव हो रहा है।*

### आपात स्थिति में भी मिली त्वरित सहायता

एरिया प्रोजेक्ट मैनेजर जय संचेती ने बताया कि जिले में दो मोबाइल मेडिकल यूनिट वाहन केशकाल, कोंडागांव और फरसगांव क्षेत्रें में संचालित हो रहे हैं। हाल ही में एक महिला को बाजार जाते समय सांड द्वारा टक्कर लगने की घटना में मोबाइल मेडिकल यूनिट की तत्परता से समय पर उपचार मिला और गंभीर स्थिति टल गई। राजमिस्त्री, मजदूर, रेहजा, स्वच्छता दीदी सहित अन्य जरूरतमंद नागरिकों को भी नियमित स्वास्थ्य जांच और उपचार की सुविधा मिल रही है। योजना से मौसमी बीमारियों की पहचान और रोकथाम में भी सहायता मिल रही है।

---

## नक्सल क्षेत्र प्रोत्साहन राशि को लेकर बवाल, स्वास्थ्य सेवाएं ठप




हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

■ 12 माह से लंबित भुगतान के विरोध में बस्तर संभाग में ओपीडी बंद

नक्सल क्षेत्र प्रोत्साहन राशि के 12 माह से लंबित भुगतान को लेकर आज बस्तर संभाग के सभी जिलों में स्वास्थ्य सेवाएं बुरी तरह प्रभावित रहीं। जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से लेकर सब-हेल्थ सेंटर तक सभी ओपीडी सेवाएं पूरी तरह बंद रहीं। नारायणपुर, दंतेवाड़ा, बीजापुर, सुकमा, कोंडागांव और बस्तर (जगदलपुर) सहित पूरे संभाग में एक जैसी स्थिति देखने को मिली। इस दौरान डॉक्टरों, स्टाफ नर्सों, आरएमए एवं एएनएम ने एकजुट होकर सरकार की उपेक्षा के खिलाफ नारेबाजी की और लंबित सीआरएमएच राशि के तत्काल भुगतान की मांग की। ओपीडी बंद रहने से दूर-दराज क्षेत्रों से आए मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। डॉक्टरो कि उन्हें जनता के प्रति पूरी संवेदना है, इसी कारण उन्होंने लगातार 12 महीनों तक धैर्य रखा, लेकिन बार-बार आश्वासन के बावजूद सरकार की उदासीनता ने उन्हें यह कठोर कदम उठाने पर मजबूर किया। उन्होंने स्पष्ट रूप से मांग की कि चल रहे छत्तीसगढ़ विधानसभा सत्र में स्वास्थ्य मंत्री द्वारा तत्काल घोषणा कर भुगतान आदेश जारी किया जाए, ताकि जनहित में सेवाएं पुनः शुरू की जा सकें।

### आंदोलन को और तेज करने की दी चेतावनी

स्वास्थ्यकर्मियों ने चेतावनी भी दी कि फिलहाल किसी प्रकार की जीवन-रक्षक सेवाओं में बाधा नहीं आई है, लेकिन यदि सरकार ने अब भी मांगों पर ध्यान नहीं दिया, तो वे आंदोलन को और तेज करने, आपातकालीन सेवाओं, एमएलसी एवं पोस्टमार्टम कार्यों पर भी निर्णय लेने को बाध्य होंगे। डॉक्टरों ने दोहराया कि उनका उद्देश्य जनता को परेशान करना नहीं है, बल्कि अपने वैधानिक अधिकार की प्राप्ति है। उन्होंने कहा कि राशि का भुगतान होते ही वे तुरंत जनकल्याण के लिए अपनी सेवाएं पुनः प्रारंभ करेंगे।

---

## बस्तर संभाग के सभी जिलों से जुटे पदाधिकारी, संघर्ष को तेज करने का ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केसकाल



■ दंतेवाड़ा में कर्मचारी–अधिकारी फेडरेशन की प्रांतीय महाबैठक सम्पन्न

कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रा तीय बैठक का विधिवत आयोजन बस्तर की आराध्य देवी दंतेश्वरी के द्वार दंतेवाड़ा में किया गया। जहाँ पर बस्तर संभाग के सभी जिलो के कर्मचारी पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभा को संबोधित करते हुये सभागीय अध्यक्ष गजेंद्र श्रीवास्तव ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने बस्तर संभाग की ओर से सफल आदोलन की बात कही। जिला संयोजक शिव राज सिंह ठाकुर ने बस्तर संभाग के कोड़ागांव जिले मे सबसे सफल आदोलन के इतिहास को बनाये रखने की घोषणा की सभा को क्रमशः कैलाश चौहान ने पंकज पाण्डेय, रोहित तिवारी, डॉ. अजमेरी व संजय ठाकुर आदि सभी प्रदेश पदाधिकारियों ने सम्बोधित किया। प्रदेश संयोजक कमल वर्मा ने फेडरेसन के गठन से लेकर आज उसकी आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने अविभाजित मध्य प्रदेश मे केवल 3 संगठन सरकार को हिला देते थे। आज 125 संगठन को संघर्ष करना पड़ता है। उन्होंने कहा की डीए की लड़ाई किसी एक संगठन के बस की बात नहीं है, यह हमें मिला है तो फेडरेशन की ताकत से मैंने सचिव से कहा की। दिसंबर माह का यही 15 दिन&npan>है जब आप सभी वर्ग की पदोन्नति सूची जारी करें, वरना 2025 बीत जाने पर फिर सीआर मांगना होगा। उन्होंने कहा विकासखंड जिला या राज्य मे यदि कोई भी पदाधिकारी निषक्रिय है तो उन्हें बदल दीजिए। आगे हमें सेवा निवृति की तिथि बढ़ाने कर्मोन्नत वेतनमान 300 दिन का नगदीकरण 8 वां वेतनमान की लड़ाई लड़नी है। इस महाबैठक कोंडागांव के जिला संयोजक शिवराज ठाकुर, सह संयोजक लोकेश गायकवाड़, उप संयोजक निर्मल शार्दुल, उपाध्यक्ष ललित कोर्राम, चमन वर्मा, राम देव कौशिक, डमरू पाण्डेय व उइके बाबू आदि उपस्थित रहे।

## भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष का दुर्गूकोंदल आगमन पर किया शानदार स्वागत



**दुर्गुकोंदल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश लाटिया सोमवार को दुर्गुकोंदल पहुंचे, जहां भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों द्वारा उनका आत्मीय स्वागत किया गया। प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश लाटिया ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार द्वारा अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना संगठन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता को सरकार की योजनाओं, उपलब्धियों एवं जनहितकारी निर्णयों की जानकारी आम जनता तक प्रभावी ढंग से पहुंचानी चाहिए। उन्होंने संगठन की मजबूती पर जोर देते हुए कहा कि भाजपा की ताकत उसका अनुशासित संगठन और समर्पित कार्यकर्ता हैं। सभी को आपसी समन्वय के साथ संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने की आवश्यकता है। बैठक के दौरान मंडल स्तर पर संगठनात्मक विषयों, आगामी कार्यक्रमों एवं बूथ सशक्तिकरण को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई। प्रदेश उपाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से आव्हान किया कि वे जनसमस्याओं को गंभीरता से सुनें और उनके समाधान के लिए प्रशासन से समन्वय बनाएं। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ, जिसमें संगठन को और अधिक मजबूत करने का संकल्प लिया गया। प्रदेश उपाध्यक्ष के साथ भाजपा मंडल कोरर के मंडल अध्यक्ष पीयूष कश्यप, पूर्व मंडल उपाध्यक्ष भानुप्रतापपुर अरविंद जैन सहित भाजपा मंडल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। दुर्गुकोंदल पहुंचने पर भाजपा मंडल महामंत्री रामचंद्र कल्लो, जिला भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के उपाध्यक्ष अशोक जैन, विजय पटेल, लेप्स अध्यक्ष जोहन गावड़े, दीपक पुडो, सरपंच तुलसी मतलामी, सोमल जैन, नंदकुमार खरे, मनोज एवं सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने भेंट कर उनका स्वागत किया।

## मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण का संशोधित कार्यक्रम जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर छत्तीसगढ़ में चलाए जा रहे मतदाता नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर के लिए संशोधित कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। आयोग द्वारा 9 दिसंबर 2025 को जारी आदेश के अनुसार पूर्व निर्धारित कार्यक्रम में आवश्यक संशोधन किया गया है, ताकि मतदाता सूची का अद्यतन, शुद्धिकरण एवं पुनरीक्षण कार्य सुचारू रूप से पूर्ण किया जा सके। शनिवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी चित्रकांत चाली ठाकुर द्वारा सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को आमंत्रित कर विशेष गहन पुनरीक्षण के संशोधित कार्यक्रम की जानकारी दी गई। निर्वाचन आयोग ने मतदाता जागरूकता बढ़ाने, विशेषकर शहरी क्षेत्रें में व्यापक प्रचार–प्रसार करने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए सभी राजनीतिक दलों को अपने बूथ लेवल एजेंटों बीएलए के माध्यम से सहयोग सुनिश्चित करने को कहा गया, ताकि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल हो सके।



### संशोधित कार्यक्रम की प्रमुख तिथियां

18 दिसंबर तक गणना पपत्र कार्य एवं मतदान केंद्रों का युक्तिकरण 19 से 22 दिसंबर कंट्रोल टेबल का अद्यतन एवं प्रारूप सूची तैयार, 23 दिसंबर प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन, 23 दिसंबर से 22 जनवरी 2026 दावे एवं आपत्तियाँ आमंत्रित, 23 दिसंबर से 14 फरवरी 2026 दावे–आपत्तियों पर सुनवाई, सत्यापन एवं निराकरण, 17 फरवरी 2026 तक अंतिम प्रकाशन के लिए आयोग की अनुमति, 21 फरवरी 2026 अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन।

### जिला प्रशासन की मतदाताओं से अपील

जिला प्रशासन ने समस्त मतदाताओं से अपील की है कि वे प्रारूप मतदाता सूची का अवलोकन कर अपने नाम, पता एवं अन्य विवरणों की जांच अवश्य करें। किसी भी प्रकार की त्रुटि होने पर निर्धारित समय–सीमा के भीतर दावा या आपत्ति प्रस्तुत करें, ताकि अंतिम मतदाता सूची पूर्णतः शुद्ध एवं अद्यतन तैयार की जा सके। इस अवसर पर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि सहित निर्वाचन कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

---

## दो दिवसीय मार्केटिंग व ब्रांडिंग का जिला स्तरीय प्रशिक्षण संपन्न

# रॉट आयरन शिल्पकारों को बाजार से जोड़ने की पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

■ बाजार की मांग के अनुसार उत्पाद तैयार करने पर जोर

जिले में रॉट आयरन शिल्प से जुड़े परिवारों और समूहों को उनके उत्पादों के बेहतर विपणन और ब्रांडिंग के उद्देश्य से दो दिवसीय आवासीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण राज्य कार्यालय द्वारा चयनित पीडब्ल्यूसी संस्था के माध्यम से 12 एवं 13 दिसंबर को सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य कारीगरों को बाजार की जरूरतों के अनुरूप उत्पाद डिजाइन करने, उनकी फिनिशिंग सुधारने और उन्हें राष्ट्रीय स्तर तक पहचान दिलाना रहा। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई ने रॉट आयरन उत्पादों के कैटलॉग को प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रस्तुत कर कारीगरों को विस्तार से समझाया कि आकर्षक डिजाइन कैसे तैयार करें, बेहतर फिनिशिंग का महत्व, उत्पादों की प्रभावी प्रस्तुति कैसे करें उन्होंने निर्देश दिए कि कैटलॉग और उत्पादों के वीडियो सभी प्रतिभागियों को व्हाट्सएप के माध्यम से उपलब्ध कराए जाएं, ताकि कारीगर स्वयं अपने उत्पादों का प्रचार कर सकें।



### ब्रांडिंग, पैकेजिंग और डिजिटल मार्केटिंग पर प्रशिक्षण

*प्रशिक्षण में विशेषज्ञों द्वारा ब्रांडिंग, पैकेजिंग, ग्राहक पसंद की समझ, मूल्य निर्धारण, डिजिटल माध्यमों से विपणन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया।*

### राज्य और राष्ट्रीय स्टॉलों में सहभागिता के निर्देश

सीईओ श्री भोई ने कारीगरों से कहा कि राज्य, जिला एवं राष्ट्रीय स्तर के स्टॉलों में अनिवार्य रूप से भाग लें ग्राहकों से सीधा संपर्क बनाएं ऑर्डर प्राप्त कर आय बढ़ाने के अवसर पैदा करें। उन्होंने कहा कि बाजार से सीधा जुड़ाव ही कारीगरों की आय वृद्धि का सबसे प्रभावी माध्यम है।

### शिल्प नगरी कोंडागांव को राष्ट्रीय पहचान दिलाने की दिशा में कदम

कार्यक्रम में एनआरएलएम विहान से जिला मिशन प्रबंधक विनय सिंह, उड़ान महिला की सफल कंपनी के सीईओ देवेंद्र तथा पीडब्ल्यूसी संस्था के मास्टर ट्रेनर उपस्थित रहे। कोंडागांव जिले को शिल्प नगरी के रूप में जाना जाता है। कारीगरों को आत्मनिर्भर बनाने और स्थानीय शिल्प को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाने की दिशा में यह प्रशिक्षण एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगा।

---

पेज 11 के शेष

### प्रबंधक पर अनियमितताओं...

बिना किसी स्पष्ट कारण के लंबित रखा जाता है, जिससे उन्हें आर्थिक और मानसिक परेशानी झेलनी पड़ रही है। बैठक में यह भी आरोप लगाया गया कि केंद्र में कार्यरत धान खरीदी प्रभारी एवं बारदाना प्रभारी को पिछले खरीदी सत्र 2023-24 से अब तक मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया है। मजदूरी भुगतान लंबित रहने के कारण संबंधित कर्मचारियों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन इसके बावजूद प्रबंधन द्वारा इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। किसानों ने प्रबंधक गुलशन सिंन्हा पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने धान खरीदी प्रभारी लोमन जुरी पर दबाव डालकर 253 कट्टा धान किसान कुबेर नेताम एवं फकीर कुंजाम के नाम से बेच दिया। आरोप है कि इस पूरे मामले में किसानों से पैसे भी लिए गए। किसानों ने बताया कि इस संबंध में पूर्व में लिखित शिकायत की जा चुकी है और जांच भी हुई थी, जिसमें उप पंजीयक द्वारा प्रबंधक को हटाने के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद शाखा प्रबंधक द्वारा अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई, जिससे किसानों में भारी नाराजगी है।

किसानों का कहना है कि यदि पूर्व में दिए गए निर्देशों का समय पर पालन किया गया होता तो आज यह स्थिति उत्पन्न नहीं होती। कार्रवाई न होने के कारण समिति के कामकाज पर से किसानों का भरोसा उठता जा रहा है। बैठक में मौजूद किसानों ने एक स्वर में कहा कि यदि अब भी उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे। किसानों ने प्रबंधक गुलशन सिंन्हा को तत्काल पद से हटाना, कार्यकाल की निष्पक्ष जांच कराना, पूर्व में पदस्थ रहे अध्यक्ष संजय जुरी को पुनः अध्यक्ष पद पर बहाल करना तथा खाद्य बीज का समय पर वितरण सुनिश्चित करना शामिल है। इस दौरान घनश्याम जैन कुमार, शिशुपाल मंडावी, संजय वती, परशराम कोड़ोपी, संजय जुरी, दयाराम उईके, राजकुमार, लोकेश मंडावी, चेतन कुंजाम, मुकेश, खुमेश और पंचम सिंह सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहें।

### सटेली में वन...

कानूनी प्रक्रिया के तहत पूर्व में भूमि का पट्टा निरस्त करने का आदेश दिया था और निर्माण को तत्काल रोकने का निर्देश दिया था। ग्रामीण पीलम नरेटी, बलराम टेपरिया, कृष्णा पटेल, नरेंद्र बारला, अग्नू राणा, उतरा पटेल, आनंद राना, मोहित नरेटी ने बताया कि आदेश जारी होने के कुछ समय बाद निर्माण रोक दिया गया था, लेकिन अब दोबारा से कार्य जोर-शोर से शुरू कर दिया गया है। जिससे वन क्षेत्र को क्षति पहुंच रही है।

### मां की मौत...

लड़का सरवन सलाम मेरे पास आया और मां का ख्याल नही रखते हो कहते हुए गुस्से मे आकर मुझे गाली दिया। जान से मारने की धमकी देते हुए लकड़ी के डंडा से मारपीट करने लगा, जिससे मेरे गाल, मुंह, पीठ, दानो हाथ एवं सीने मे चोट लगा हैं। इलाज के लिए 108 वाहन से अंतागढ़ अस्पताल लेकर आई। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी सरवन सलाम के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### महुआ शराब जब्त...

निवासी 35 वर्षीय गजेंद्र यादव के कब्जे से 5 लीटर महुआ शराब और मरकाटोला निवासी 46 वर्षीय सुर्गीव हिमाची के कब्जे से साढ़े 4 लीटर महुआ शराब को जप्त किया गया। आरोपियों के खिलाफ धारा 34 (1) (ख) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### कलेक्टर ने जिला...

को अवगत कराया गया। इसके अलावा किशोर न्याय बोर्ड, बालक कल्याण समिति, चाईल्ड हेल्प लाइन में लंबित प्रकरणों की जानकारी दी गई। इस पर कलेक्टर ने सभी लंबित प्रकरणों का शीघ्रता से निराकरण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# SHRI KHATU SHYAM JYOTISH






## जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

पं. रविकांत शर्मा / पं. एस. के. शास्त्री




हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"



ऑफिस आने पर मात्र ₹ 101/- फोन से परामर्श केवल ₹ 251/-

व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,
शादी के लिए माता-पिता को मनाना

**जब कही ना हों काम, तो हमसे लें समाधान**

**पं. एस. के. शास्त्री**
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

## जन्म पत्रिका बनाई जाती है



- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान - संतान योग
- दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण

**बुकिंग के लिए संपर्क करें : +91 7470674060**

असुविधा से बचने के लिए आपॉइंटमेंट लेकर ही मिलें

हमारी अन्य कोई और शाखा नहीं है।

नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।

**पोलसाय पारा चौक, दुर्ग (छ.ग.)**

मिलने का समय : सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक

**संपर्क सूत्र :- पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस. के. शास्त्री : +91 9755964567**

## खबर संक्षेप

### 6 परिवारों के लिए 24 लाख की सहायता राशि स्वीकृत

**कांकेर।** कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने नदी में डूबने, सर्प काटने, तालाब एवं गड्ढा में डूबने से मृत्यु होने के 6 प्रकरणों में मृतकों के आश्रितों को चार-चार लाख रुपए के मान से 24 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी है। पखांजूर तहसील के ग्राम पीव्ही 52 निवासी 40 वर्षीय अर्चना मजुमदार की सर्प काटने से मृत्यु होने के प्रकरण में उनके निकटतम आश्रित भवतोष मजुमदार लिए चार लाख रुपए स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार बांदे तहसील के ग्राम दीपनगर निवासी 2 वर्षीय सरस्वती मिस्त्री की सेप्टिक टैंक के लिए खोदे गए गढ्ढे में गिरने, डूबने से मृत्यु होने के प्रकरण में उनके निकटतम आश्रित आनंद मिस्त्री एवं जया मिस्त्री के लिए चार लाख , बांदे तहसील के ग्राम दुर्गापुर निवासी 31 वर्षीय विनता साहा की सर्प काटने से मृत्यु होने से उनके आश्रित सुशांत साहा को चार लाख रूपए, पखांजूर तहसील के ग्राम मुरडोडा निवासी 58 वर्षीय सरादु पोटाई की तालाब में डूबने से मृत्यु होने पर उनकी पत्नी सनवारी पोटाई के लिए चार लाख रुपए स्वीकृत किए। इनके अलावा कोयलीबेड़ा तहसील के ग्राम कड़मे निवासी 55 वर्षीय मुरही बाई की नदी में डूबने से मृत्यु होने के प्रकरण में उनके निकटतम आश्रित चैतराम सलाम के लिए चार लाख रुपए और पखांजूर तहसील के ग्राम बड़ेकापसी निवासी 24 वर्षीय देवकी भुरखुरिया की सर्प काटने से मृत्यु होने के प्रकरण में उनके निकटतम आश्रित रासुराम के लिए चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत किया गया है। उक्त स्वीकृत सहायता राशि का भुगतान संबंधित हितग्राहियों के बैंक खाते में डीबीटी द्वारा संबंधित तहसीलदारों के माध्यम से किया जाएगा।

### हरि बने बस्तर जिला साहू संघ के अध्यक्ष

**जगदलपुर।** जिला साहू संघ का चुनाव रविवार को संपन्न हुआ। प्रदेश साहू संघ के निर्देशन में स्थानीय साहू संघ सामाजिक भवन में आयोजित इस चुनाव में हरिलाल साहू ने अपने निकटम प्रतिद्वंदी जागेश्वर साहू को दो मतों से पराजित कर पुनः जिला साहू संघ के अध्यक्ष निर्वाचित हुए। अन्य पदाधिकारियों में देवेन्द्र साहू व भारती साहू उपाध्यक्ष वहीं संगठन सचिव के पद में महेन्द्र साहू तथा सुशीला साहू निर्वाचित हुए। नवनिर्वाचित अध्यक्ष हरिलाल साहू पूर्व में भी संघ के अध्यक्ष रह चुके हैं। उनकी सामाजिक और राजनीतिक पकड़ को जीत का कारण माना जा रहा है। चुनाव में बस्तर जिले के 6 परिक्षेत्रों के मतदाता शामिल हुए।

## निधन

### शिवप्रसाद ताराम

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत सुखई निवासी शिवप्रसाद ताराम का 15 दिसंबर को आकस्मिक निधन हो गया। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। अंतिम संस्कार 16 दिसंबर ग्राम सुखई स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा, वे रमेश कुमार ताराम के दादा थे।



# सरोना से दूधावा तक सड़क जर्जर मरम्मत की मांग, सौंपा ज्ञापन

## उपेक्षा से लोगों की लगातार बढ़ रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सरोना

सरोना से दूधावा रोड की जर्जर स्थिति को लेकर प्रतिनिधिमंडल ने सरोना तहसील कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपते हुए सड़क की तत्काल मरम्मत और स्थायी समाधान की मांग की। प्रतिनिधियों ने कहा कि यह सड़क क्षेत्र की जीवनरेखा है, लेकिन लंबे समय से उपेक्षा के कारण आमजन को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। आम आदमी पार्टी विधानसभा के नेतृत्व में ज्ञापन में बताया गया कि सरोना से दूधावा तक की सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे, उखड़ी हुई गिट्टी और कीचड़ की समस्या बनी हुई है। बरसात के मौसम में हालात और बदतर हो जाते हैं, जिससे दोपहिया, चारपहिया और पैदल चलने वालों को गंभीर खतरा बना रहता है। स्कूली बच्चों, मरीजों और दैनिक आवागमन करने वाले ग्रामीणों को आए दिन दुर्घटनाओं का सामना करना पड़ रहा है। पार्टी के नेताओं ने कहा कि सड़क की बदहाली के कारण एंबुलेंस और आपातकालीन सेवाओं की आवाजाही प्रभावित होती है, जिससे समय पर उपचार न मिल पाने का जोखिम बढ़ जाता है। व्यापारियों और किसानों को भी नुकसान उठाना पड़ रहा है, क्योंकि कृषि उपज और आवश्यक वस्तुओं के परिवहन में देरी और अतिरिक्त खर्च बढ़ गया है। प्रतिनिधिमंडल ने यह भी आरोप लगाया कि पूर्व में कई बार शिकायतें और आवेदन दिए जाने के बावजूद अब तक ठोस कार्रवाई नहीं हुई।



### आप पार्टी ने किया विरोध

सड़क की हालत दिन-प्रतिदिन खराब होती जा रही है। पार्टी ने मांग की कि सड़क का तत्काल निरीक्षण कर पैचवर्क नहीं बल्कि गुणवत्तापूर्ण नवीनीकरण कराया जाए, ताकि लंबे समय तक समाधान मिल सके। दीपक कोड़ोपी ने कहा कि जनसमस्याओं को लेकर आम आदमी पार्टी सड़क से लेकर कार्यालय तक संघर्ष करती रहेगी। ब्लॉक अध्यक्ष जगदीश नेताम ने भी अपनी बात रखी। ज्ञापन सौंपने के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं ने प्रशासन से शीघ्र सकारात्मक निर्णय की अपेक्षा जताई। तहसीलदार द्वारा ज्ञापन को कलेक्टर तक पहुंचाने का आश्वासन दिया गया है।

## सावधानी : बैठक में पंचायत सचिव, आंबा कार्यकर्ता, रोजगार सहायक हुए शामिल

# जनपद पंचायत में आवारा कुत्तों के प्रबंधन पर किया प्रशिक्षण आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्गुकोंदल



कार्यालय जनपद पंचायत दुर्गुकोंदल में 15 दिसंबर को सर्वोच्च न्यायालय द्वारा प्रकरण में प्रदत्त निर्देशों के अनुपालन में ग्रामीण क्षेत्रों में आवारा कुत्तों के प्रबंधन एवं रैबीज नियंत्रण को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ती आवारा कुत्तों की समस्या, उससे होने वाले जनस्वास्थ्य जोखिम तथा रैबीज जैसी घातक बीमारी की रोकथाम के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत दुर्गुकोंदल सुरेन्द्र कुमार बंजारे एवं करारोपण अधिकारी आरके किशोरे के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में कुल 35 ग्राम पंचायत सचिव, 97 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, 02 रोजगार सहायक, 01 वनरक्षक एवं 01 सेल्समेन उपस्थित रहे। बड़ी संख्या में मैदानी अमले की उपस्थिति से कार्यक्रम की उपयोगिता और गंभीरता स्पष्ट रूप से दिखाई दी। पशुधन विकास विभाग की ओर से डॉ. अल्का ठाकुर, डॉ. राहुल ठाकुर एवं डॉ. संध्या ठाकुर ने आवारा कुत्तों के वैज्ञानिक प्रबंधन, नसबंदी, टीकाकरण, कुत्तों के व्यवहार तथा रैबीज रोग के लक्षणों और बचाव के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि समय पर रैबीज टीकाकरण न होने पर यह रोग मनुष्य के लिए जानलेवा साबित हो सकता है, इसलिए कुत्तों के साथ-साथ काटे गए व्यक्ति का तत्काल उपचार अत्यंत आवश्यक है। इसके अलावा प्रदान संस्था एवं सहभागी संस्था की ओर से युवराज नागराज एवं जय कुलदीप ने ग्रामीण स्तर पर समुदाय की भूमिका, जागरूकता कार्यक्रम, बच्चों और महिलाओं को सुरक्षित रखने के उपाय तथा कुत्तों के प्रति मानवीय व्यवहार पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुसार आवारा कुत्तों का प्रबंधन हिंसा से नहीं, बल्कि वैज्ञानिक एवं मानवीय तरीकों से किया जाना चाहिए।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित प्रतिभागियों से अपेक्षा की गई कि वे अपने-अपने ग्राम पंचायत क्षेत्रों में प्राप्त जानकारी का उपयोग करते हुए ग्रामीणों को जागरूक करेंगे और रैबीज नियंत्रण एवं आवारा कुत्तों के प्रबंधन में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्रामीण जनस्वास्थ्य सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा जा रहा है।

# अग्निवीर और छग पुलिस में चयनित युवाओं का ग्रामीणों ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सरोना



नरहरपुर विकासखंड के अंतर्गत ग्राम धौराभाठा में गांव के दो युवाओं के शासकीय सेवाओं में चयनित होने पर एक गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। नवयुवक मंडल एवं जिम्मेदारिन दाई कर्मचारी सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में टिकेश्वर नेताम के अग्निवीर इंडियन आर्मी में चयन तथा देवकरण नेताम के छत्तीसगढ़ पुलिस में चयन होने पर उन्हें सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य गांव के युवाओं को प्रेरित करना और यह संदेश देना रहा कि कठिन परिश्रम, अनुशासन और लगन से ग्रामीण अंचल के युवा भी देश व प्रदेश की सेवा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। सम्मान समारोह में दोनों चयनित युवाओं को पुष्पगुच्छ भेंट कर, शाल-श्रीफल से सम्मानित किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सरपंच पियर बती नेताम ने कहा कि टिकेश्वर नेताम और देवकरण नेताम ने पूरे गांव का मान बढ़ाया है। उनका चयन आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगा। पूर्व सरपंच महेश नेताम ने भी दोनों युवाओं की मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि गांव के अन्य युवाओं को भी लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित अतिथियों ने कहा कि ऐसे सम्मान समारोह से समाज में सकारात्मक वातावरण बनता है और युवाओं में देशसेवा एवं जिम्मेदारी की भावना मजबूत होती है। आयोजन को सफल बनाने में नवयुवक मंडल एवं जिम्मेदारिन दाई कर्मचारी सेवा समिति के सदस्यों की सराहनीय भूमिका रही।

सम्मान समारोह में श्रीराम सलाम, ओमप्रकाश नेताम, अमर सिंह मरकाम, गणेश शोरी, कमल देव मरकाम, पतेसिंह गोटा, गोविंद पुरी गोस्वामी, छितल सलाम, विश्राम सिंह नेताम, भगवान सिंह मरकाम, किशनु कोराम, दशेन नेताम, सुरेन्द्र, ज्योतिष कबीर, सती, दीपिका, ममता सहित बड़ी संख्या में युवा और ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# स्वायल हेल्थ एंड फर्टिलिटी जागरूकता पर स्कूल में कार्यक्रम का किया आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

कृषि विभाग द्वारा मृदा स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता अभियान के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय नरहरदेव स्कूल में स्वायल हेल्थ एंड फर्टिलिटी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मृदा परीक्षण कार्ड में अंकित मुख्य पोषक तत्व एवं सूक्ष्म पोषक तत्व की कमी या अधिकता एवं मृदा पीएच के आधार पर खाद की मात्रा खेतों में देने के बारे में जानकारी दी गई। योजना का मुख्य उद्देश्य स्वायल हेल्थ एंड फर्टिलिटी योजना के घटक स्कूल स्वायल हेल्थ प्रोग्राम के अंतर्गत वर्ष 2025- 26 में जिले में चयनित आत्मानंद स्कूल में मिनी स्वायल टेस्टिंग लैब की स्थापना किया जाना प्रस्तावित है। मिनी स्वायल टेस्टिंग लैब की स्थापना के पूर्व चयनित विद्यालयों में लैब का पंजीयन, प्रति विद्यालय चार बैच का पंजीयन, प्रति बैच में 50 विद्यार्थियों का पंजीयन करना, मृदा नमूना संग्रहण करना, विश्लेषण करना सहित स्वायल हेल्थ कार्ड वितरण करना कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। कार्यक्रम में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी मयाराम नेताम द्वारा मृदा स्वास्थ्य परीक्षण योजना के बारे में सम्पूर्ण जानकारी दिया गया। डॉ. सीएल ठाकुर कृषि वैज्ञानिक द्वारा मिट्टी स्वास्थ्य आवश्यकता उसके महत्व, मिट्टी की गुणवत्ता की बचाव, मिट्टी के भौतिक, रासायनिक एवं जैविक गुणों को जानने के लिए मिट्टी परीक्षण करवाने, मिट्टी में उपस्थित आवश्यक पोषक तत्व के बारे में साथ ही मिट्टी नमूना लेने की विधि, सावधानी, विश्लेषण पश्चात मिट्टी स्वास्थ्य कार्ड के अनुसंशित मात्रा का प्रयोग करते हुए खेती करने की सलाह दी गई। रमतू नेताम वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी द्वारा मृदा स्वास्थ्य में सुधार, मृदा में सूक्ष्म पोषक तत्व की उपयोगिता के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया। कार्यक्रम में प्रचार्य अर्चना श्रीवास्तव मेम, टीकाराम साहू, जया राठौर, आत्मा योजना से बलवीर, सलमान, किसान मित्र संतोष मटिया, दुलारवा साहू एवं नवमीं कक्षा के छात्र और छात्राएं उपस्थित रहे।

# धान उपार्जन केंद्र की मांग को लेकर देवगांव में किसानों का आक्रोश



**कांकेर।** कांकेर के ग्राम देवगांव में धान उपार्जन केंद्र नहीं खुलने से किसानों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। इस संबंध में ग्रामवासियों एवं किसानों की एक आपातकालीन बैठक आयोजित की गई, जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यदि शीघ्र ही गाँव में नवीन धान उपार्जन केंद्र की स्वीकृति नहीं दी गई, तो ग्रामीण आंदोलन एवं चक्काजाम करने को बाध्य होंगे। ग्रामीणों ने बताया कि देवगांव एक बड़ा कृषक बहुल गाँव है, जहाँ किसानों की संख्या अधिक है। उपार्जन केंद्र के अभाव में किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए दावेना स्थित केंद्रों पर जाना पड़ता है, जिससे उन्हें परिवहन में परेशानी और आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। किसानों ने आरोप लगाते हुए कहा कि वे लंबे समय से उपार्जन केंद्र की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। बैठक में प्रस्ताव पारित कर चेतावनी दी गई कि मांगें पूरी नहीं होने की स्थिति में मुख्य मार्ग पर अनिश्चितकालीन चक्काजाम किया जाएगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। बैठक में वरिष्ठ नागरिकों, युवाओं एवं बड़ी संख्या में किसानों की उपस्थिति रही।

## पिता ने मजदूरों को हिदायत दी और बेटे ने कर दी पिटाई

**कांकेर।** पुरानी मिट्टी से ईट बनाने के कारण ईट फट रहा था, तो मजदूरों को नया मिट्टा लाकर दिया गया। फिर मजदूरों को हिदायत दिया कि नया मिट्टी से ईट बनाने के बाद भी ईट फटा तो अपने घर चले जना। इतने में पीड़ित का बेटा आया और पिता को बोलने लगा कि मजदूर को मैने लाया है, तुम्हें क्या परेशानी हो रही है, कहते हुए पिता के सिर पर ईट से हमला कर दिया, जिससे पिता घायल हो गया। मामला पखांजुर थाना क्षेत्र के पीव्ही 27 का है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी बेटा के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पखांजुर थाना में शिकायत करने पहुंचे पीव्ही 27 हृदयपुर निवासी 48 वर्षीय भावेन मल्लिक पिता स्व. भक्त मल्लिक ने पुलिस को बताया कि 14 दिसंबर को सुबह 11 बजें घर के आंगन में मजदूर लोगों से ईंट बनवा रहा था। मिट्टी पुराना होने के कारण ईंट फट रहा था। तब मैंने नया मिट्टी मंगवाया और मजूदर लोगों को बोला कि अब ईंट फटना नहीं चाहिए, यदि इस बार भी ईंट फटेगा तो तुम लोग अपने घर चले जाना। मजदूरों को ऐसा बोल ही रहा था कि इतने में मेरा बड़ा बेटा देवराज मल्लिक आया और बोलने लगा कि मैं मजदूर लाया हूं, तुझे क्या परेशानी हो रही है। बेटा ने मेरे साथ गाली गलोज कर जान से मारने की धमकी देते हुए ईंट से मेरे सिर, कमर को मारा, जिससे खुन निकलने लगा। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी देवराज मल्लिक के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# थाना प्रभारी से कानून व्यवस्था की लेकर आप पार्टी ने की चर्चा एवं रखीं समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सरोना



आम आदमी पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने सरोना थाना पहुंचकर थाना प्रभारी मलिक राम केवट से मुलाकात की। इस दौरान क्षेत्र की कानून व्यवस्था, आमजन की सुरक्षा और बढ़ती छोटी-बड़ी समस्याओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। पार्टी नेताओं ने कहा कि कानून व्यवस्था मजबूत रहना किसी भी क्षेत्र के विकास और शांति के लिए आवश्यक है, ऐसे में प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के बीच संवाद बेहद जरूरी है।

मुलाकात के दौरान पार्टी के नेताओं ने थाना प्रभारी को अवगत कराया कि ग्रामीण क्षेत्रों में आम नागरिकों को कई बार छोटी-छोटी समस्याओं के समाधान के लिए भी थाना के चक्कर लगाने पड़ते हैं। उन्होंने आग्रह किया कि आमजन की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए समयबद्ध निराकरण किया जाए, ताकि लोगों का पुलिस प्रशासन पर भरोसा बना रहे। प्रतिनिधिमंडल ने यह भी कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस और स्थानीय समाज के बीच बेहतर समन्वय होना चाहिए। सामाजिक कार्यक्रमों, ग्राम बैठकों और जनसंवाद के माध्यम से पुलिस यदि सीधे जनता से जुड़े तो अपराध और असामाजिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकता है। ब्लॉक अध्यक्ष जगदीश नेताम ने कहा कि ग्रामीण अंचलों में कई बार आपसी विवाद छोटे होते हैं, लेकिन समय पर समाधान न मिलने से वे बड़े विवाद का रूप ले लेते हैं। ऐसे मामलों में पुलिस की त्वरित और निष्पक्ष भूमिका बेहद अहम होती है। विधानसभा अध्यक्ष कांकेर दीपक कोड़पी ने कहा कि कानून व्यवस्था को लेकर जनता की अपेक्षाएं बढ़ी हैं और पुलिस प्रशासन को संवेदनशीलता के साथ कार्य करना चाहिए। डोमेन्द्र ठाकुर ने कहा कि आज के समय में सोशल मीडिया के माध्यम से अफवाहें तेजी से फैलती हैं, जिससे कानून व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। ऐसे में समय पर सही जानकारी जनता तक पहुंचाना और अफवाहों पर तुरंत रोक लगाना जरूरी है। उमेश मरकाम ने भी क्षेत्रीय समस्याओं को रखते हुए पुलिस से सहयोगात्मक रवैया अपनाने की अपील की। थाना प्रभारी मलिक राम केवट ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि सरोना थाना क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों की शिकायतों का निष्पक्ष और समय पर निराकरण किया जाएगा तथा शांति व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## विकासखंड के 27 संकुलों को तीन जोन में किया गया विभाजित

# प्राथमिक शिक्षकों का नवीन पाठ्य-पुस्तक आधारित पाँच दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्गूकोंदल

दुर्गूकोंदल विकासखंड के अंतर्गत प्राथमिक शालाओं में कक्षा 1, 2 एवं 3 में अध्यापन कराने वाले शिक्षकों के लिए नवीन पाठ्य-पुस्तक आधारित पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। यह प्रशिक्षण डाइट कांकेर के दिशा-निर्देशों एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी तथा बीआरसी के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है।

प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को नई शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप शिक्षण पद्धतियों से अवगत कराना एवं कक्षा 1 से 3 तक के विद्यार्थियों के लिए एफएलएन फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमेरेसी के लक्ष्यों को प्रभावी रूप से लागू करना है।

विकासखंड दुर्गूकोंदल के कुल 27 संकुलों को तीन जोन में विभाजित कर यह प्रशिक्षण संचालित किया जा रहा है, जिससे अधिक से अधिक शिक्षकों को व्यवस्थित एवं गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण मिल सके। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर के किशोर विश्वकर्मा, मिथलेश सोनी, ऋषिकेश पटेल, बालकान दर्रो, हेमंत भावसार, पुनीत उसेंडी, योगेश मरकाम एवं भागीरथी केतकी द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है। मास्टर ट्रेनरों ने शिक्षकों को नई शिक्षा नीति 2020 के उद्देश्यों, बाल-केंद्रित शिक्षण पद्धति, गतिविधि आधारित अध्यापन, सीखने-सिखाने की नवीन तकनीकों तथा कक्षा 1, 2 और 3 की पाठ्य-पुस्तकों में किए गए महत्वपूर्ण बदलावों की विस्तार से जानकारी दी।

प्रशिक्षण के दौरान यह भी बताया गया कि किस प्रकार सरल, रोचक एवं व्यवहारिक तरीकों से बच्चों में भाषा, गणित एवं बुनियादी समझ विकसित की जा सकती है।

### विद्यार्थियों की सीखने की क्षमता बढ़ाने में मिलेगी मदद

प्रशिक्षण में सहभागिता कर रहे शिक्षकों ने बताया कि इस कार्यक्रम से उन्हें नई पाठ्य-पुस्तकों को समझने, कक्षा में नवाचार लाने तथा विद्यार्थियों की सीखने की क्षमता बढ़ाने में काफी सहायता मिलेगी। शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित यह प्रशिक्षण कार्यक्रम प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।




